**25 हजार का इनामी बदमाश शाहिद उर्फ वालिया गिरफ्तार, पुलिस की लगातार कार्रवाई से गुर्गों में हड़कंप**

# रज्जाक गैंग का एक और गुर्गा चढ़ा पुलिस के हत्थे

हरिभूमि, जबलपुर।

*शहर में आतंक का पर्याय बन चुके कुख्यात अब्दुल रज्जाक गैंग के एक और फरार सदस्य को जबलपुर पुलिस ने धरदबोचा है। 25 हजार रुपये का इनामी शाहिद अली उर्फ वालिया शनिवार को विश्वसनीय मुखबिर की सूचना पर लार्डगंज इलाके से दबिश देकर गिरफ्तार किया गया। शाहिद पर थाना ओमती और थाना गढ़ा में दर्ज दो गंभीर मामलों में गिरफ्तारी वारंट था। पुलिस ने उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है।*



### दो थानों में दर्ज संगीन धाराओं में था फरार

*थाना ओमती और थाना गढ़ा में संगीन धाराओं में दर्ज प्रकरणों में 32 वर्षीय शाहिद अली उर्फ वालिया निवासी मक्का नगर हनुमानताल फरार था। उसकी गिरफ्तारी पर पुलिस कप्तान सम्पत उपाध्याय द्वारा दोनों थानों की ओर से 10-10 हजार रुपये के नकद पुरस्कार की घोषणा की गई थी। बाद में उसकी लगातार फरारी को देखते हुए डीआईजी अतुल सिंह ने इनामी राशि बढ़ाकर 15 हजार रुपये कर दी थी।*

### लार्डगंज में दबिश, मौके पर किया गिरफ्तार

पुलिस को आज दिनांक 2 अगस्त 2025 को एक विश्वसनीय मुखबिर से सूचना मिली कि फरार आरोपी शाहिद अली लार्डगंज क्षेत्र में छिपा हुआ है। तत्काल थाना ओमती पुलिस ने दबिश दी और शाहिद को गिरफ्तार कर विधिवत न्यायालय में प्रस्तुत करते हुए जेल भेज दिया।

### अब तक सात सदस्य, 80 हजार के इनामी पकड़े

इससे पूर्व भी जबलपुर पुलिस ने 10 जुलाई 2025 को एक बड़ी कार्रवाई करते हुए रज्जाक गैंग के चार सक्रिय सदस्य बेटा 45 वर्षीय सरफराज, भाई 53 वर्षीय मोहम्मद महमूद, भतीजा 26 वर्षीय अजहर, 25 वर्षीय मोह. सज्जाद को गिरफ्तार किया था। इनसे बीएमडब्ल्यू, मर्सिडीज कार, पिस्टल व कारतूस भी बरामद किए गए थे। गैंग के इन सभी सदस्यों पर 50 हजार से अधिक के इनाम घोषित थे। इसके अतिरिक्त 25 जुलाई 18 हजार के इनामी दिलीप चौधरी, 15 हजार का इनामी रविंद्र पटेल को भी गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था।

### रज्जाक गैंग रीढ़ तोड़ने की मुहिम जारी

जबलपुर पुलिस ने स्पष्ट किया है कि फरार व इनामी अपराधियों की गिरफ्तारी की मुहिम लगातार जारी रहेगी। शातिर गैंग की कमर तोड़ने के लिए हर संभव दबिश और सख्त रणनीति अपनाई जा रही है।

### इनकी रही सराहनीय भूमिका

इस कार्रवाई में टीआई राजपाल बघेल, एसआई शैलेन्द्र सिंह, प्रधान आरक्षक रामजी पांडे, रामसिंह परते, जोगिंदर, आरक्षक संतोष तेकाम, शिव सिंह बघेल, हरिओम, मिथलेश की सराहनीय भूमिका रही।




# नर्सिंग छात्राओं की भूख हड़ताल दूसरे दिन भी जारी, नियुक्ति की माँग पर अडिग

**जबलपुर।** प्रदेश के शासकीय नर्सिंग कॉलेजों से B.Sc नर्सिंग उत्तीर्ण कर चुकी छात्राएं गत दो वर्षों से नियुक्ति की प्रतीक्षा में हैं। शासन और प्रशासन के बार-बार आश्वासन के बावजूद नियुक्ति प्रक्रिया शुरू न होने से नाराज़ छात्राओं ने नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल कॉलेज के डीन कार्यालय के बाहर शुक्रवार से अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू कर दी है। दूसरे दिन हड़ताल में शामिल छात्राओं की तबीयत भी बिगड़ने लगी है। संजना प्रजापति, सपना ककोडिया और प्रियंका कुशवाहा को स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं होने लगी हैं, लेकिन अब तक कोई जिम्मेदार अधिकारी मौके पर नहीं पहुँचा।

हड़ताल पर बैठीं छात्राओं मनीषा, संजना, स्वेता, किरन, अंकिता, सुधा, रुचि, प्रियंका, नेहा और श्रद्धा ने बताया कि धरना स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था बेहद कमजोर है। देर रात असामाजिक तत्वों की आवाजाही, सिटी बजाना और शराबखोरी जैसी घटनाएँ होती रहीं। कई कॉल के बाद एक महिला पुलिसकर्मी को तैनात किया गया। छात्राओं ने यह भी आरोप लगाया कि डीन कार्यालय परिसर में महिला टॉयलेट को ताले में बंद कर दिया गया, जिससे उन्हें बुनियादी सुविधाओं से भी वंचित रहना पड़ रहा है। छात्राओं का कहना है कि जब तक उन्हें नियुक्ति को लेकर लिखित आश्वासन नहीं मिलता, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा।

### 2023 की पदोन्नति और वरिष्ठता सूची रद्द

# कैट का बड़ा फैसला: रेलवे की आरक्षण नीति अवैध

हरिभूमि जबलपुर।

केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण (कैट) जबलपुर पीठ ने रेलवे की 10 फरवरी 2023 की पदोन्नति में आरक्षण नीति को असंवैधानिक करार देते हुए रद्द कर दिया है। इस नीति के तहत अनारक्षित पदों पर अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के कनिष्ठ कर्मचारियों को पदोन्नति दी गई थी, जिससे 26 जून 2023 की वरिष्ठता सूची में सामान्य वर्ग के वरिष्ठ कर्मचारियों को नुकसान हुआ था। कैट ने इस नीति और वरिष्ठता सूची को खारिज करते हुए रेलवे को कड़ा निर्देश जारी किया है।



### क्या है पूरा मामला

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के वरिष्ठ गुड्स ट्रेन मैनेजरों ने कैट में याचिका (OA संख्या 634/2023) दायर कर रेलवे की नीति को चुनौती दी थी। उनका आरोप था कि रेलवे ने बिना किसी सांख्यिकीय डेटा या संवैधानिक प्रक्रिया के पालन के अनारक्षित पदों पर आरक्षण लागू किया। याचिकाकर्ताओं ने अधिवक्ता मनन अग्रवाल व सम्यक जैन के माध्यम से कहा कि इससे वरिष्ठ कर्मचारियों का हक को दरकिनार किया गया वही रेलवे ने यह साबित करने के लिए कोई ठोस डेटा पेश नहीं किया कि अज व अजजा वर्ग का प्रतिनिधित्व अपर्याप्त है। अनारक्षित पदों पर आरक्षण देना सुप्रीम कोर्ट के एम. नागराज (2006) और जर्नैल सिंह (2018) मामलों के फैसलों का उल्लंघन है। संविधान के अनुच्छेद 16(4A) के अनुसार, आरक्षण केवल तभी वैध है, जब यह पद-वार और संवर्ग-वार डेटा के आधार पर हो।

उक्त मामले की सुनवाई करते हुए कैट ने आदेश दिया कि रेलवे की 10 फरवरी 2023 की आरक्षण नीति और 26 जून 2023 की वरिष्ठता सूची रद्द की जाती है। रेलवे को याचिकाकर्ताओं की वरिष्ठता को पुनः निर्धारित करने का निर्देश। भविष्य में बिना संवैधानिक मापदंडों के पालन के आरक्षण लागू नहीं किया जा सकेगा। उक्त फैसला सरकारी सेवाओं में निष्पक्षता, योग्यता और संवैधानिक प्रक्रिया की महत्ता को रेखांकित करता है। यह अन्य सरकारी विभागों के लिए भी एक मिसाल है कि आरक्षण नीतियों में सामाजिक न्याय के साथ-साथ कानूनी और डेटा-आधारित प्रक्रिया का पालन जरूरी है। इस आदेश से रेलवे कर्मचारियों में निष्पक्षता की उम्मीद जगी है रेलवे को अब नई वरिष्ठता सूची तैयार करनी होगी और भविष्य की नीतियों में सुप्रीम कोर्ट के दिशानिर्देशों का पालन करना होगा। प्रभावित कर्मचारी इस फैसले को निष्पक्षता की जीत के रूप में देख रहे हैं।

### *रीवा से पुणे और जबलपुर से रायपुर के बीच नई ट्रेनों का शुभारंभ आज*

**जबलपुर।** विंध्य और महाकौशल क्षेत्रवासियों के लिए रेल संपर्क को और मजबूत बनाते हुए रेलवे ने दो नई ट्रेन सेवाओं का शुभारंभ किया है। रीवा से हड़पसर (पुणे) तक सुपरफास्ट ट्रेन और जबलपुर से रायपुर तक एक्सप्रेस ट्रेन की उद्घाटन सेवा आज रविवार को चलाई गई। गाड़ी संख्या 02152 रीवा–हड़पसर और गाड़ी संख्या 01702 जबलपुर–रायपुर को आज विशेष उद्घाटन ट्रेन के रूप में चलाया गया। इन सेवाओं का उद्देश्य मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ के बीच यात्रियों को सीधी और सुविधाजनक रेल सेवा प्रदान करना है। रीवा–हड़पसर ट्रेन की नियमित सेवा 6 अगस्त से रीवा और 7 अगस्त से हड़पसर से शुरू होगी। वहीं, जबलपुर–रायपुर ट्रेन की नियमित सेवा 4 अगस्त से रायपुर और 5 अगस्त से जबलपुर से प्रारंभ होगी। यह ट्रेन रीवा से सुबह 10:45 बजे रवाना होकर सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर, नैनपुर, बालाघाट, गोंदिया, नागपुर, वर्धा, बडनेरा, अकोला, भुसावल, जलगांव, मनमाड, कोपरगांव, अहमदनगर, दौंड होते हुए अगले दिन दोपहर 1:30 बजे हड़पसर (पुणे) पहुंचेगी।

ट्रेन में कुल 20 डिब्बे होंगे जिनमें 6 स्लीपर, 4 सामान्य, 3 एसी 3-टियर, 3 एसी 3-टियर इकोनॉमी, 2 एसी 2-टियर, 1 एसएलआरडी और 1 जनरेटर कार शामिल हैं। यह ट्रेन जबलपुर से सुबह 10:45 बजे चलकर मदनमहल, नैनपुर, बालाघाट, गोंदिया, डोंगरगढ़, राजनांदगांव, दुर्ग होते हुए शाम 7:30 बजे रायपुर पहुंचेगी। इस ट्रेन में कुल 15 डिब्बे होंगे जिनमें 1 एसी चेयरकार, 4 द्वितीय श्रेणी चेयरकार, 8 सामान्य कोच, 1 एसएलआरडी और 1 जनरेटरकार शामिल हैं।

### कुण्डम थाना क्षेत्र की घटना, शव पीएम हेतु भेजा गया, डंडा बरामद

# जमीन के विवाद में डंडे से मारपीट कर की हत्या, चंद घंटों में आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि, जबलपुर।

कुण्डम थाना अंतर्गत ग्राम देवरी खुर्द में ज़मीनी विवाद को लेकर डंडे से मारपीट कर एक अधेड़ की हत्या कर दी गई। घटना के कुछ ही घंटों के भीतर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस कप्तान सम्पत उपाध्याय के निर्देश पर त्वरित कार्रवाई करते हुए गठित पुलिस टीम ने आरोपी को गिरफ़्तार कर घटना में प्रयुक्त डंडा भी बरामद कर लिया है।

### हत्या से पहले मारपीट, सुबह हुई मौत

थाना कुण्डम में दर्ज रिपोर्ट के अनुसार, मृतक पंचम लाल बरकड़े (57 वर्ष), निवासी ग्राम देवरी खुर्द, बीते 1 अगस्त की दोपहर खेत गए थे और रात करीब 9 बजे लौटे। उन्होंने पत्नी बिसरती बाई को बताया कि खेत से लौटते समय पड़ोसी राम कुशवाहा (राजा इमलई हाई स्कूल के पास) से ज़मीन के मसले पर कहासुनी के दौरान मारपीट हुई है, जिससे उन्हें हाथ, पसली और पैर में चोटें आई हैं। उन्होंने रात का भोजन नहीं किया और घर के बाहर लेट गए। सुबह लगभग 3 बजे जब पत्नी ने देखा तो वह मृत मिले।

### पुलिस ने की त्वरित कार्रवाई, आरोपी गिरफ्तार

मृतक की पत्नी की शिकायत पर थाना कुण्डम पुलिस ने धारा 296, 103(1) बीएनएस तथा 3(2)(व्हीए) एससी/एसटी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया। घटना को गंभीर मानते हुए पुलिस कप्तान सम्पत उपाध्याय के निर्देशन, एएसपी ग्रामीण सूर्यकांत शर्मा एवं डीएसपी ग्रामीण आकांक्षा उपाध्याय के मार्गदर्शन में टीआई सतीश अंधवान के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। टीम द्वारा लगातार दबिश देते हुए आरोपी 47 वर्षीय राम कुशवाहा निवासी राजा इमलई को हिरासत में लिया गया। उसके पास से वारदात में प्रयुक्त डंडा भी बरामद कर लिया गया है। आरोपी के खिलाफ आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।

# हितग्राहियों को 31 अगस्त तक ई-केवायसी कराना अनिवार्य

**जबलपुर।** सामाजिक न्याय दिव्यांगजन सशक्तिकरण के प्रभारी संयुक्त संचालक व डिप्टी कलेक्टर सुश्री प्रगति गणवीर ने कहा कि मध्यप्रदेश शासन सामाजिक न्याय दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग मंत्रालय के निर्देशानुसार विभागान्तर्गत संचालित समस्त पेंशन योजनाओं के अधिकांश हितग्राहियों की ईकेवायसी सत्यापन नहीं हो पाया है। इस संबंध में पूर्व में अभियान चलाकर ईकेवायसी कराये जाने के निर्देश प्रसारित किये जा चुके है। शासन की योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने तथा अपात्र हितग्राहियों को हटाने के लिए समस्त हितग्राहियों की ईकेवायसी होना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि ऐसी स्थिति में शासन द्वारा निर्णय लिया है कि अभियान चलाकर शेष हितग्राहियों की ईकेवायसी 31 अगस्त तक कराये जाने की कार्यवाही सुनिश्चित करें। साथ ही कहा कि इस संबंध में समस्त हितग्राहियों को अवगत कराया जाये कि यदि 31 अगस्त तक ई-केवायसी नहीं कराया जाता है तो पेंशन होल्ड कर दी जायेगी। उक्त तिथि के पश्चात यदि पेंशन होल्ड किये गये किसी हितग्राही द्वारा पेंशन शुरू कराने की मॉग की जाती है तो यह ई-केवायसी के पश्चात की संभव होगा। जबलपुर जिले में कुल पेंशनर 1 लाख 64 हजार 557 है जिसमें से 1 लाख 58 हजार 486 पेंशनर की ई-केवायसी पूर्ण हो चुकी है तथा 6071 पेंशन ई-केवायसी हेतु लंबित है जिसका प्रतिशत 96.31 है। अतः जिले में नगर पालिक निगम जबलपुर छावनी मण्डल केंट जबलपुर समस्त जनपद पंचायत समस्त नगर पालिका समस्त नगर परिषद तथा समस्त सामाजिक सुरक्षा अधिकारी समस्त पेंशन योजनाओं की लंबित ई-केवायसी 31 अगस्त तक अनिवार्यतः पूर्ण करायें।

### 2020 में उजागर हुए भ्रष्टाचार में दोषियों को मिली पदोन्नति

# फिर विधानसभा में गूंजेगा सौभाग्य योजना घोटाला!

हरिभूमि, जबलपुर।

**अब ऊर्जा विभाग ने फिर मांगी रिपोर्ट, नोडल अधिकारी से मुख्य अभियंता तक निशाने पर**

सौभाग्य योजना के नाम पर करोड़ों रुपये के फर्जी भुगतान का मामला एक बार फिर गरमा गया है। वर्ष 2020 में मंडला, डिंडोरी और सीधी-सिंगरौली जिलों में हुए इस घोटाले में जांच कर दो अधीक्षण यंत्री निलंबित किए गए थे। तब कार्यवाही की औपचारिकता पूरी कर मामला ठंडे बस्ते में डाल दिया गया था। अब इस मामले में एक बार फिर ऊर्जा विभाग को मिली शिकायत ने हड़कंप मचा दिया है। आरोप है कि जिस अधिकारी को सीधी-सिंगरौली क्षेत्र में योजना के काम की निगरानी रखने नोडल अधिकारी बनाया गया था, उसी की निगरानी में फर्जी बिलों के भुगतान किए गए, उस अधिकारी को दंडित करने के बजाय जबलपुर जैसे महत्वपूर्ण रीजन में मुख्य अभियंता पद पर पदोन्नति दे दी गई है। ऊर्जा विभाग ने कंपनी मुख्यालय से इस पूरे प्रकरण की बिंदुवार रिपोर्ट तलब की है। संभावना है कि यह मुद्दा आगामी विधानसभा सत्र में जोर-शोर से उठाया जाएगा।



### सबसे ज्यादा अनियमितताएं सीधी-सिंगरौली में

सूत्रों के अनुसार सौभाग्य योजना के तहत सीधी और सिंगरौली जिलों में लगभग 100 से 150 करोड़ रुपये के विद्युतीकरण कार्य स्वीकृत किए गए थे। कार्यों में 11 केवी लाइन विस्तार, केबलीकरण, स्टे व डीपी निर्माण और ट्रांसफार्मर स्थापना शामिल थे। लेकिन जमीन पर इन कार्यों का क्रियान्वयन या तो अधूरा रहा या हुआ ही नहीं। फिर भी ठेकेदारों को पूरा भुगतान कर दिया गया।

### जांच में सामने आए थे कई चौंकाने वाले तथ्य

पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा की गई प्रारंभिक जांच में सामने आया था कि पोल नहीं लगाए गए। केबल बिछाई नहीं गई। टेपिंग व ब्रेसिंग सेट अधूरी थी। स्पान की लंबाई कम दर्शाकर भुगतान लिया गया और फर्जी साइट रिपोर्ट बनाकर बिल पास किए गए। इतना ही नहीं, कई जगह कार्य हुए ही नहीं थे, लेकिन कंपनी के दस्तावेजों में पूरा कार्य पूर्ण दिखाया गया।

### वर्ष 2020 में निलंबन के बाद मामला दबा

शुरुआत में मामला तूल पकड़ने पर दो एसई (अधीक्षण यंत्री) को निलंबित किया गया था। लेकिन कुछ माह बाद ही उन्हें बहाल कर दिया गया। अब इनमें से एक अफसर को जिसे सीधी-सिंगरौली में बतौर नोडल अधिकारी बनाया गया और उन्हीं की मौजूदगी में फर्जी बिल पास किए गए अब ऐसे ही दागी को जबलपुर रीजन का मुख्य अभियंता जैसे उच्च पद पर पदोन्नत कर दिया गया है। इससे ऊर्जा विभाग की नियत और निष्पक्षता पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

### फिर से सक्रिय हुआ विभाग, मांगी विस्तृत रिपोर्ट

ऊर्जा विभाग को हाल ही में एक विस्तृत पत्र प्राप्त हुआ है जिसमें घोटाले से जुड़ी पुरानी जांच रिपोर्ट, भुगतान आदेश, साइट निरीक्षण दस्तावेज और ठेकेदारों के नाम समेत कई जानकारियां दी गई हैं। इस पत्र के आधार पर विभाग ने अब कंपनी मुख्यालय से पुनः समस्त दस्तावेज तलब करने का कार्य शुरू कर दिया है। साथ ही नए सिरे से विस्तृत जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए हैं।

### प्रमुख आरोप इस प्रकार हैं

- बिना पोल, केबलीकरण और डीपी लगाए भुगतान
- फर्जी मस्टर रोल व साइट रिपोर्ट
- मानकों के विरुद्ध कार्य और अधूरे कार्यों को पूर्ण दिखाना
- भुगतान से पूर्व स्थल निरीक्षण न करना
- दोषियों को दंडित करने की बजाय पदोन्नति देना

### सावन झूला झांकी में ठाकुर बिहारी लालजी की अनुपम छटा



**जबलपुर।** श्री ठाकुर बिहारीजी महाराज कुचैनी मंदिर सराफ़ा प्रांगण में कुचैनी मंदिर ट्रस्ट एवम कुचैनी रामायण की महिला मंडल द्वारा श्रावण झूला झांकी दर्शन व भजन संध्या जन्माष्टी तक प्रतिदिन शाम 6 बजे से रात्रि 9 बजे तक आयोजित की जा रही है।

श्रावण मास के पावन अवसर पर शंकराचार्य मठ में शिव महापुराण कथा और रुद्री अभिषेक के साथ आध्यात्मिक वातावरण में डूबे श्रद्धालु

# देवी पार्वती ने बेलपत्र खाकर की कठिन तपस्या : ब्रह्मचारी चैतन्यानंद महाराज



हरिभूमि, जबलपुर।

श्रावण मास की पावन बेला में श्री बगलामुखी सिद्ध पीठ शंकराचार्य मठ, सिविक सेंटर मढ़ाताल में चल रहे श्री शिव महापुराण कथा और असंख्य रुद्री पाठ (पार्थिव शिवलिंग निर्माण) कार्यक्रम में आज दिव्यता और भक्ति का अद्वितीय संगम देखने को मिला। कार्यक्रम में भगवान शिव के दिव्य चरित्रों की अनुपम व्याख्या के साथ ही श्रद्धालुओं ने पार्थिव शिवलिंगों का विधिवत दुग्धाभिषेक, पुष्प श्रृंगार एवं आरती में भाग लिया। शुक्रवार को तीसरे दिन कथा का केंद्र देवी पार्वती की कठोर तपस्या एवं भगवान शिव से उनका विवाह। कथा व्यास पूज्य ब्रह्मचारी श्री चैतन्यानंद जी महाराज ने भावविभोर कर देने वाले शब्दों में देवी सती से लेकर पार्वती बनने तक की कथा को विस्तार से प्रस्तुत किया।

## संकल्प लेकर लिया जन्म

उन्होंने बताया कि देवी सती, भगवान शिव की अर्धांगिनी थीं, परंतु उनके पिता दक्ष ने जब अपने यज्ञ में भगवान शिव का अपमान किया, तब सती ने आत्मदाह कर लिया। उन्होंने संकल्प लिया कि अगले जन्म में वे फिर से शिव को पति रूप में प्राप्त करेंगी। इसी संकल्प के फलस्वरूप उन्होंने राजा हिमालय और रानी मैना के घर देवी पार्वती के रूप में जन्म लिया।

## तपस्या देखकर देवता भी हो गए चकित

श्री चैतन्यानंद जी ने देवी पार्वती की तपस्या का अत्यंत मार्मिक चित्र प्रस्तुत करते हुए बताया कि उन्होंने प्रारंभ में फलाहार किया, फिर केवल पत्तों पर जीवित रहीं। अंत में उन्होंने बेलपत्र खाकर कठोर तपस्या की, जिससे उन्हें "अपर्णा" नाम मिला। उनकी तपस्या यहीं नहीं रुकी उन्होंने अग्नि, वर्षा और हिम जैसे विकट प्राकृतिक परिस्थितियों में तप किया। पांच अग्नियों के मध्य खड़े होकर, मूसलाधार वर्षा में शिला पर बैठकर, तथा कठोर सर्दी में तालाब के जल में गर्दन तक डूबकर भगवान शिव का ध्यान किया। उनकी ऐसी तपस्या से समस्त देवता भी चकित रह गए।

## ब्रह्मा जी स्वयं बने पुरोहित

अंततः भगवान शिव प्रकट हुए और देवी पार्वती से विवाह करने का वचन दिया। ब्रह्मा जी स्वयं पुरोहित बने और इस दिव्य युगल का विवाह संपन्न हुआ। यह विवाह न केवल दिव्य प्रेम का प्रतीक है, बल्कि यह समर्पण, साधना और श्रद्धा का भी सर्वोच्च उदाहरण है।

## विवाह प्रसंग में भावविभोर हुए श्रद्धालु

कथा में जब शिव-पार्वती विवाह प्रसंग आया, तो उपस्थित श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। पूरे वातावरण में "हर हर महादेव" और "जय पार्वती पतये हर हर महादेव" के जयघोष गूंज उठे। रुद्राभिषेक के साथ ही दीपों की ज्योति से मंडप प्रज्ज्वलित हो उठा।

## यह रहे उपस्थित

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पद्मा मेनन, नीता पटेल, संजय मिश्रा, प्राणेश व स्नेहलता पाण्डेय, आरती व नितिन सराफ, अमित जसूजा, विजय उषा कटारिया, जीनी व पंकज डे, शैलेन्द्र दुबे, वर्षा साहू, स्वर्णिम साहू, आर्यन पटेल, आशीष चौकसे, तुलसी अवस्थी, पीयूष दुबे, अंकित दीक्षित, वैभव दुबे, सुनील गुप्ता, पुष्पेंद्र सिंह परिहार, शुभम चौरसिया, गौरव चौबे, रोहित साहू, राहुल मौर्य, अभिषेक उपाध्याय, मीडिया प्रभारी मनोज सेन सहित सैकड़ों भक्तों की उपस्थिति रही।



9.7 करोड़ किसानों को 20,500 करोड़ रुपये दिए गए

# पीएम किसान सम्मान निधि धनराशि किसानों के खातों में हस्तांतरित

हरिभूमि जबलपुर।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 02 अगस्त को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) की राशि जारी किए जाने के अवसर पर भाकृअनुप खरपतवार अनुसंधान निदेशालय जबलपुर द्वारा किसानों के लिए एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में पाटन क्षेत्र के विभिन्न गांवों और आसपास के क्षेत्रों के 120 किसानों सहित निदेशालय के कर्मचारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में डॉ. जेएस मिश्र निदेशक ने किसानों का स्वागत किया और पीएम-किसान योजना के उद्देश्यों और लाभों पर प्रकाश डाला। निदेशालय के प्रधान वैज्ञानिक डॉ. पीके सिंह ने निदेशालय द्वारा किए गए प्रमुख अनुसंधान और विस्तार गतिविधियों से किसानों को अवगत कराया, साथ ही उपस्थित किसानों से कृषि के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम में किसानों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संबोधन का सीधा प्रसारण सुना, जिसमें पीएम किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त जारी की गई। देश भर के लगभग 9.7 करोड़ किसानों के बैंक खातों में 20,500 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि सीधे डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित की गई, जो किसान कल्याण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। कार्यक्रम में पाटन क्षेत्र के दो गांवों की सरपंच बबिता चड़ार एवं गोमती बाई भी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन डॉ. योगिता धरडे, वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं नोडल अधिकारी ने किया।

# तीर्थ यात्रा हो ईश्वर के दर्शन व आत्मशुद्धि के लिए न कि केवल घूमने या मनोरंजन के मकसद से



**मझौली।** गांधी भवन में चल रही श्री शिव महापुराण कथा में श्रद्धालुओं का उत्साह चरम पर है। इस धार्मिक आयोजन में कथा वाचक पंडित आकर्षण महाराज के द्वारा शिव महापुराण के विभिन्न प्रसंगों का रसपूर्ण एवं भावमय वर्णन किया जा रहा है। कथा के दौरान उन्होंने ग्यारह रूद्र स्वरूपों का विस्तार से वर्णन किया एवं उनके महत्त्व पर प्रकाश डाला। आकर्षण महाराज ने अपने प्रवचनों में कहा कि तीर्थ स्थलों की यात्रा हमें केवल घूमने या मनोरंजन के उद्देश्य से नहीं करनी चाहिए, बल्कि यह यात्रा ईश्वर के दर्शन और आत्मिक शुद्धि के लिए होनी चाहिए। उन्होंने यह भी बताया कि जो व्यक्ति तीर्थ यात्रा को केवल भ्रमण के रूप में करता है, वह नरकगामी होता है। कथा के दौरान उन्होंने सत्य बोलने के महत्त्व पर भी ज़ोर दिया। एक उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि यदि किसी गाय को वध के लिए ले जाया जा रहा हो, तो वहां असत्य बोलकर भी उस गाय माता की रक्षा करना पुण्य का कार्य माना जाएगा। उन्होंने कहा कि जहाँ शिव महापुराण कथा का आयोजन हो रहा हो, वहाँ केवल उपस्थिति भर से मनुष्य अपने पापों से मुक्त हो जाता है। साथ ही भगवान कार्तिकेय और श्री गणेश की पूजा से जीवन में समस्त यश की प्राप्ति होती है। यह पुण्य कथा भगवान श्री विष्णु के वाराह अवतार के आशीर्वाद से और भरभरा आश्रम के परम पूज्य श्री वनवारी दास जी महाराज के सानिध्य में संपन्न हो रही है। पूरे आयोजन में नगरवासियों और भक्तों का सहयोग अत्यंत सराहनीय रहा है। रोज़ाना प्रातः पार्थिव शिवलिंग निर्माण और रुद्राभिषेक किया जाता है। कथा का आयोजन प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से सायं 7 बजे तक चल रहा है। यह आयोजन नगर के सभी श्रद्धालुओं द्वारा संयुक्त रूप से संपन्न किया जा रहा है।

# आजीविका मिशन द्वारा दीदियों को दिया जा रहा प्रशिक्षण



**बरेला।** मध्य प्रदेश ग्रामीण आजिविका मिशन द्वारा राखी एवं ज्वैलरी प्रशिक्षण आयोजित कर ग्राम कुडारी और उमारिया के स्वयं सहायता समूहों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।विरांगना संकूल स्तरीय संगठन ब्लॉक जबलपुर डी पी एमअंजुला झां नोडल अधिकारी, विरल कोररिया के माध्यम से चल रहें प्रशिक्षण में कुडारी उन्नति ग्राम संगठन एवं विरांगना संकूल स्तरीय के पदाधिकारि गीता लोधी, ज्योति ठाकुर, कल्पना पटेल, किर्ति उपाध्याय, रेनू कुशवाहा, प्रेमलता पासी, राखी पटेल, सविता स्वयं सहायता समूह कि सभी महिलाओं ने प्रशिक्षण लिया। कुडारी और उमारिया पंचायत कि लगभग 80 दीदीयो को प्रशिक्षक अभिषेक, श्रीमती राजस्वरी अग्रवाल के संनिध में ज्वैलरी प्रशिक्षण में दीदीयो ने राखी कंगन बेंदी हार बनाना सीखा।

कांग्रेस ने दुबारा सौंपा ज्ञापन

# स्कूल के ठीक सामने स्थित शराब दुकान हटाने एवं चोरी की जांच कराने की मांग



हरिभूमि बरेला।

शासकीय महाविद्यालय बरेला एवं सांदीपनि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरेला के ठीक सामने देशी विदेशी शराब दुकान का ठेका चल रहा है शराबी शराब पीकर गाली गलौज करते हैं मारपीट करते हैं उसी समय छात्र - छात्राओं का आना जाना लगा रहता है। नगर की सामाजिक संस्थाओं के साथ कालेज, स्कूल और राजनैतिक दलों के प्रधानों ने शासन प्रशासन से शराब दुकान हटाने ज्ञापन सौंपा परन्तु शराब माफिया की मनमानी के चलते दुकान नहीं हटाई गई। नगर कांग्रेस कमेटी ने शनिवार को पुनः ज्ञापन सौंपा है। साथ ही सांदीपनि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरेला में चोरी की शिकायत दर्ज कराई गई है जिसमें कोई कीमत वस्तु चोरी नहीं हुई। दाखिल खारिज रजिस्टर,रोकड,बही खाते चोरी हुई है जो संदेह पैदा कर रही है। हमारी मांग है की इसकी सूक्ष्म जांच होनी चाहिए। ज्ञापन सौंपते समय जिला कांग्रेस कमेटी महासचिव अरविन्द तिवारी, मंडलम अध्यक्ष विपिन झारिया, सचिव रामजी रैकवार, आईटी सैल मध्यप्रदेश के उपाध्यक्ष दीपक विश्वकर्मा, नीलेश बरकडे आदिवासी जिलाध्यक्ष, ज्ञापन सौंपा।

# शिव महापुराण कथा में भगवान गणेश का जन्मोत्सव मनाया



**जबलपुर।** श्री दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर दुर्गानगर रामपुर में श्री शिव महापुराण कथा एवं पार्थिव शिवलिंग निर्माण का आयोजन 28 जुलाई से जारी है। आयोजक ओमप्रकाश महावर ने बताया कि 06 अगस्त तक चलने वाली कथा में व्यासपीठ से पं. रूपनारायण शास्त्री अपनी रसमयी वाणी से श्री शिव महापुराण कथा का रसास्वादन करा रहे हैं। आज 02 अगस्त को भगवान गणेश जन्मोत्सव प्रसंग पर कथा श्रवण कराई गई। इस आयोजन के मुख्य यजमान श्रीमती नर्मदा महावर व विनोद-गीता महावर हैं। कार्यक्रम में उदित ठाकुर, आशु पासी, भूरा यादव, राजू बर्मन, शुभम सोनी, ऋषभ चौधरी, लल्ला प्रजापति, अन्नू सोंधिया सहित अन्य शामिल रहे।

# पार्थिव शिवलिंग निर्माण के समापन पर हुआ विशाल भंडारा

**जबलपुर।** श्रावण महामहोत्सव के उपलक्ष्य में गुप्तेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में 25 से 30 जुलाई तक आयोजित पार्थिव शिवलिंग निर्माण का समापन 31 जुलाई को भंडारा से हुआ। आयोजक जनशक्ति मोहल्ला समिति गुप्तेश्वर के अध्यक्ष ने बताया कि इस अवसर पर डॉ. स्वामी मुकुंददास महाराज, विनय श्रीवास्तव, पं. रघुवीर भंडारी, पं. भूपेन्द्र मिश्रा के सान्निध्य में भक्तों ने पार्थिव शिवलिंग निर्माण किया तथा भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया।

# नशा नहीं, शिक्षा अपनाओ अपने जीवन को सफल बनाओ

**जबलपुर।** शासकीय माध्यमिक शाला पश्चिमी करिया पाथर में बालसभा के अवसर पर रेवा बीएड कॉलेज महाकौशल नगर आधारताल के छात्र- छात्राओं ने प्रशिक्षण के दौरान सामाजिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें उन्होंने विशेषतः नशे से मुक्ति हेतु एक नुक्कड़ नाटक को सभी बच्चों और शिक्षकों के सम्मुख प्रस्तुत किया, जिसका मुख्य उद्देश्य बच्चों में नशे से दूर रहने का संदेश पहुँचाना था। क्योंकि देखा जा रहा है की वर्तमान में चारों तरफ नशे की लत बढ़ती जा रही है जिसका असर देश के बच्चों और नौजवानों में देखने को मिल रहा है, जो की हमारे देश और समाज के साथ-साथ देश की युवा पीढ़ी के लिए घातक है। अतः हमारा उद्देश्य बच्चों को, युवाओं को नशा मुक्त बनाना और देश बचाना है। इस अवसर पर छाया जैन, रॉबर्ट मार्टिन, हरीशचन्द्र वर्मा, मोनिका सोनी, रामशंकर श्रृंगी, पद्मा मालवीय, अरुणा पांडेय, मंजुलता सोनी, अमिता केसरवानी, पूजा सोनकर, शबनम कुरैशी, अंजुलता सिंग, शीतल कुशवाहा, मोनिका, आरती, राधिका, शशि, जीत, अंजली, सरोज खेमा, शंकरी रूचि आदि ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना सहयोग प्रदान किया।



# शिक्षिका किरण सबड़े की सेवानिवृत्ति पर आयोजित किया गया विदाई समारोह

**बरेला।** शासकीय कन्या प्राथमिक शाला में पदस्थ श्रीमती किरण सबड़े प्राथमिक शिक्षक का सेवानिवृत्ति कार्यक्रम का आयोजन पीएम श्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के सभा भवन में किया गया । शाला संकुल परिवार की ओर से सेवानिवृत शिक्षिका को शाल, श्रीफल,सम्मान पत्र,उपहार भेट कर सम्मान पूर्वक विदा किया गया। प्राचार्य आशीष पंड्या व संपूर्ण शाला परिवार के प्रयास से गरिमामय कार्यक्रम आयोजित किया गया।




**श्री तुलसीराम सेन-** नारायण नगर गुलौआ गढ़ा निवासी श्री तुलसीराम सेन (71) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राम प्रसाद बेन-** रामपुर बेन मोहल्ला आजाद चौक के पास निवासी श्री राम प्रसाद बेन (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती सदोरी बाई चावला-** पचपेढ़ी रोड सिविल लाइन निवासी श्री केवलराम चावला की धर्मपत्नी श्रीमती सदोरी बाई चावला (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री लक्ष्मण चौधरी-** चंडालभाटा चेरीताल निवासी श्री रामनाथ चौधरी के पुत्र श्री लक्ष्मण चौधरी (45) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार माढ़ोताल मोक्षधाम में किया गया।

**श्री सुरेश कुमार दीक्षित-** स्नेहनगर गढ़ा रोड निवासी श्री सुरेश कुमार दीक्षित (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती रामकली बाई प्रजापति-** द्वारका नगर साईं मंदिर के पास लालमाटी निवासी श्री नन्हें लाल प्रजापति की धर्मपत्नी श्रीमती रामकली बाई प्रजापति (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती राजमुनि चक्रवर्ती-** न्यू रामनगर अधारताल सुराही बिल्डिंग के पास निवासी श्री राम दिनेश चक्रवर्ती की धर्मपत्नी श्रीमती राजमुनि चक्रवर्ती (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सरस्वती जगरानी-** लालमाटी द्वारका नगर झंडा चौक निवासी श्री गोपाल दास जगरानी की धर्मपत्नी श्रीमती सरस्वती जगरानी का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री विजय तिवारी-** कुदवारी अमखेरा निवासी श्री विजय तिवारी (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री मुन्ना लाल रैकवार-** दक्षिण मिलौनीगंज हनुमानताल रोड निवासी श्री मुन्ना लाल रैकवार (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री मणिलाल शर्मा-** अंचल विहार कटंगा निवासी श्री मणिलाल शर्मा (93) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री लक्ष्मन चौधरी-** भानतलैया चौधरी मोहल्ला निवासी श्री लक्ष्मन चौधरी (64) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती बसंती बाई मलिक-** तीसरे पुल के पास सदर केंट निवासी श्री श्याम लाल मलिक की धर्मपत्नी श्रीमती बसंती बाई मलिक का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री नरेंद्र अहिरवार-** सिंधी कैंप ठक्कर ग्राम बाबा टोला निवासी श्री नरेंद्र अहिरवार (48) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती चंद्रावली मिश्रा-** रांझी थाने के पीछे निवासी श्री देवेंद्र कुमार मिश्रा की धर्मपत्नी श्रीमती चंद्रावली मिश्रा (61) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती रानी बाई-** पीडबल्यूडी आफिस के पास सिविल लाइन निवासी श्री राम चरण की धर्मपत्नी श्रीमती रानी बाई (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

हरिभूमि
बिजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
संपर्क करें विज्ञापन विभाग:-

# मिट्टी के गणेश : बच्चों ने सीखी मूर्तिकला, दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**जबलपुर।** श्रीराम एजुकेशन सोसायटी एवं समाजसेवी संस्था 'कौशलम आर्ट क्लब' के संयुक्त तत्वावधान में जिलहरी घाट स्थित नर्मदा मैरिज गार्डन में एक दिवसीय निःशुल्क मूर्तिकला कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में 40 से अधिक बच्चों ने भाग लिया और अपने हाथों से पर्यावरण अनुकूल मिट्टी से गणेश प्रतिमाएं तैयार कीं। कौशलम आर्ट क्लब की संचालक एड. संगीता अग्रवाल ने बताया कि कार्यशाला का उद्देश्य बच्चों में कला के प्रति रुचि उत्पन्न करना और उन्हें रचनात्मक अभिव्यक्ति का अवसर देना था। साथ ही पर्यावरण संरक्षण के महत्व को समझाना भी इस पहल का अभिन्न भाग रहा। बच्चों ने पूरे उत्साह और मनोयोग से गणेश जी की मूर्तियां बनाईं, जिनमें उनकी कल्पनाशीलता और सृजनात्मकता स्पष्ट रूप से दिखाई दी। कार्यशाला के माध्यम से बच्चों ने यह भी सीखा कि प्लास्टर ऑफ पेरिस की जगह प्राकृतिक मिट्टी का उपयोग कर कैसे पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार बना जा सकता है। इस अवसर पर श्रीराम एजुकेशन सोसायटी की संचालिका प्रतिभा रघुवंशी, शोभा चौकसे, स्वतंत्र टेंगरिया, शिक्षक अंशुल सिंह तथा कौशलम आर्ट क्लब से प्रशिक्षक श्रेयांश, राज, मुकेश, अरविन्द, गज्जू और हर्षा उपस्थित रहे।

CHANGE OF NAME

I, ARMY NO. 15723472F RANK NK NAME MD JAHANUR RAHMAN SK S/O LATE MD HAZRAT ALI SK OF UNIT 1 TTR, 1 STC, JABALPUR (MP) I, have changed name of my BROTHER from MD JABED JAMAN SK (name as per my Army service records) to JABED ZAMAN SK (name as per my BROTHER, AADHAR CARD, PAN CARD AND EDUCATIONAL DOCUMENTS vide affidavit dated 02/08/2025 formerly before Public Notary RAMDAS SHARMA MP HIGH COURT. (Name and place of Court).

CORRECT NAME
JABED ZAMAN SK
INCORRECT NAME
MD JABED JAMAN SK

न्यायालय तहसीलदार रांझी जबलपुर
रा.प्र.क्रं/417/अ-6/2025-26
**आम इश्तहार**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमति आशा बाई पति स्व. मगनचंद सोनकर एवं श्रीमति चन्द्रकला बाई पति ज्ञानचंद सोनकर निवासी-गुरंदी जबलपुर ने नजूल ब्लाक नं.-99 प्लाट नं.-52/2, 54/2, 51/2 निर्मित रकवा/ रकवा 650 एवं 430 व.फु./ अवि. हिस्सा- व.फु./ हे. विक्रय पत्र/ हक त्याग/ वसीयतनामा/ दानपत्र/ वारसान हक/ दिनांक-30/09/1985 मृत्यु दिनांक- को हो जाने के कारण वारसान हक/ क्रय उपरांत नाम दर्ज किये जाने का आवेदन पत्र- खसरा की छायाप्रति प्रस्तुत किया है।

प्रकरण में आवेदक द्वारा संलग्न नजूल संधारण खसरा/पटवारी/ डायवर्सन खसरा अनुसार नजूल ब्लाक नं.-99 प्लाट नं. -52/2, 54/2, 51/2 निर्मित रकवा/ रकवा-650 एवं 430 व.फु./ अवि. हिस्सा- व.फु.हे. / ग्राम -बेलबाग प.ह.नं.- खसरा नं.- रकवा-650 एवं 430 व.फु./ हे. द्वारकादास खत्री बल्द उधाराम खत्री सा. गलगला के नाम दर्ज है।

अत: किसी व्यक्ति विशेष या संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 25/08/2025 को इस न्यायालय तहसील रांझी जबलपुर में प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्तिकर्ता की आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

इश्तहार आज दिनांक 30/06/2025 को मेरे हस्ताक्षर न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

जारी दिनांक-30/6/2025
पेशी दिनांक-25/08/2025
मुद्रा
तहसीलदार
रांझी, जबलपुर

## मृतिका सुमन का प्रेमी रज्जू बांदा से गिरफ्तार

# गोली लगने से नौकरानी की मौत के मामले में पूर्व विधायक की पत्नी के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**सतना।** चित्रकूट की नयागांव कोतवाली पुलिस ने कांग्रेस के पूर्व विधायक नीलांशु चतुर्वेदी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। इन पर घर में लाइसेंसी हथियार लापरवाही पूर्वक रखने का गंभीर आरोप है। आपको बता दें कि पिछले दिनों पूर्व विधायक के घर में नौकरानी सुमन निषाद ने पूर्व विधायक की पत्नी अर्चना की लाइसेंसी पिस्टल से खुद को गोली मार ली थी जहांपर उसकी मौत हो गई। इसी प्रकार पुलिस ने सुमन निषाद के प्रेमी अरविंद उर्फ रज्जू को बांदा से गिरफ्तार कर लिया है उसे न्यायालय में पेश किया गया जहां से कोर्ट ने जेल भेज दिया। सुमन 24 वर्ष ने 29 जुलाई को जिस लाइसेंसी रिवॉल्वर से खुद को गोली मारी उसका लाइसेंस अर्चना के नाम पर है। इसलिए उन पर शस्त्र के रखरखाव में लापरवाही का मामला दर्ज किया गया है।उधर मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित करने के आरोप में पुलिस ने सुमन के प्रेमी अरविंद उर्फ रज्जू यादव 22वर्ष को गिरफ्तार कर लिया है। उसे कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है।चित्रकूट पुलिस के मुताबिक अरविंद पिता गंगा यादव मूल रूप से बांदा जिले के पचोखर अतर्रा का रहने वाला है। वह वर्तमान में दास हनुमान गोशाला चित्रकूट में रह रहा



था। अरविंद के खिलाफ बीएनएस की धारा 108 (आत्महत्या के लिए उकसाना) और 107 (षड्यंत्र ) के तहत केस दर्ज हुआ है।

### अर्चना पर आरोप

आत्महत्या में इस्तेमाल की गई पिस्टल पूर्व विधायक नीलांशु चतुर्वेदी के परिवार की लाइसेंसी थी,जो घर में लापरवाही से खुली जगह में पड़ी थी। इस मामले में पुलिस ने उनकी पत्नी अर्चना चतुर्वेदी पर आर्म्स एक्ट की धारा-30 के तहत केस दर्ज किया है।

### बेहद तनाव में थी सुमन

पुलिस की जांच में सामने आया है कि सुमन काफी मानसिक तनाव में थी। मां की सख्ती,प्रेम संबंधों में उलझन और शादी का दबाव। इन सभी वजहों से तंग आकर उसने मौत को गले लगा लिया। चित्रकूट के नयागांव थाना पुलिस ने बताया कि कॉल डिटेल खंगालने के बाद प्रेमी अरविंद की भूमिका सामने आई और उसे गिरफ्तार किया गया। फिलहाल उसे जेल भेज दिया गया है और आर्म्स एक्ट में दर्ज मामले की अलग से जांच की जा रही है।

### सुमन के पिता की हो चुकी है मौत

पुलिस ने बताया कि सुमन का परिवार मूल रूप से यूपी के कर्वी के कटरागूदर का रहने वाला है। वह यहां मां के साथ गढ़ी के सर्वेंट क्वॉर्टर में रह रही थी। वो मां के साथ झाड़-पोछा, बर्तन धोने और बच्चों की देखभाल किया करती थी। सुमन के पिता की मौत कुछ साल पहले करंट लगने से हुई हो चुकी है। मां सुधिया निषाद ने बताया कि हम मूल रूप से उत्तरप्रदेश के कटरा गांव के रहने वाले हैं। करीब तीन पीढ़ी से हम चित्रकूट में आकर रह रहे हैं। बस्ती में भी हमारा दो कमरे का छोटा सा घर है। विधायक के यहां भी हमें रहने के लिए कमरा मिला हुआ है। मेरे सात बच्चे हैं। इनमें 6 लड़की एक लड़का है। चार की शादी हो गई थी। सुमन 5वें नंबर की थी। इसका कटनी में रिश्ता तय हो गया था। शादी की पूरी तैयारी हो चुकी थी। इसी साल जनवरी महीने में तिलक चढ़ा था। अगस्त में सगाई होने वाली थी। दो माह बाद शादी होनी थी।

### गोशाला में काम करता था अरविंद



सुमन और अरविंद के बीच प्रेम संबंध थे।अरविंद गोशाला में काम करता था और सुमन का परिवार पास ही रेहड़ी पर सब्जी बेचता था। सुमन भी अक्सर वहां बैठती थी। इसी दौरान दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ीं। जब सुमन की मां को इसका पता चला,तो जल्दबाजी में उसकी शादी तय कर दी। सुमन का रिश्ता कटनी के रहने वाले एक ऐसे लड़के से तय हुआ जो अरविंद से आर्थिक और सामाजिक तौर पर बेहतर हालत में था। इसलिए सुमन ने अरविंद से रिश्ता तोड़ लिया।

### अरविंद ने बात करने के लिए दिया दूसरा मोबाइल

सुमन ने जब अरविंद से दूरी बना ली,तो उसने उसे एक मोबाइल देते हुए कहा कि शादी तक तो बात कर सकते हैं। कुछ दिन बाद मां ने यह मोबाइल पकड़ लिया। अरविंद ने फिर दूसरा मोबाइल सुमन को दिया। सुमन झिझक रही थी,लेकिन अरविंद के दबाव में उसने मोबाइल ले लिया। बातचीत फिर शुरू हो गई। 28 जुलाई को मां ने दूसरा मोबाइल भी पकड़ लिया।

## पत्नी लाखों के गहने लेकर प्रेमी संग फरार, पति ने दर्ज कराई गुमशुदगी की रिपोर्ट

**सतना।** मैहर के गोराइया खुर्द गांव में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है,जहां हाल ही में शादीशुदा एक युवती अपने प्रेमी के साथ लाखों रुपये के गहने लेकर फरार हो गई। जानकारी के अनुसार,प्रभा केवट की शादी लगभग दो महीने पहले पन्ना जिले में हुई थी। शादी के बाद वह अपने मायके आई हुई थी। इसी दौरान,वह ससुराल से मिले लाखों रुपये के गहने लेकर अचानक गायब हो गई। युवती के पति ने 24 जुलाई को मैहर थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी,लेकिन अब तक प्रभा का कोई सुराग नहीं मिल पाया है। परिजनों का आरोप है कि वह अपने प्रेमी के साथ फरार हुई है। पीड़ित पति ने मैहर के पुलिस अधीक्षक से भी मदद की गुहार लगाई है। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है।

## दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार, लिफ्ट देने के बहाने दिया घटना को अंजाम

**सतना।** सिटी कोतवाली पुलिस ने दुष्कर्म के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान धीर सिंह,पिता रामनारायण सिंह के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार,आरोपी ने पीड़िता को लिफ्ट देने के बहाने अपनी गाड़ी में बैठाया और उसे एक बगीचे में ले जाकर दुष्कर्म किया। पुलिस टीम ने टीआई रावेंद्र द्विवेदी के नेतृत्व में आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया,जहां से उसे जेल भेज दिया।

# ज्वेलरी दुकान से 95 हजार के लॉकेट पार

## सीसीटीवी फुटेज में कैद हुई वारदात, पुलिस कर रही आरोपियों की तलाश

**शहडोल।**

कोतवाली थाना क्षेत्र में अपराधियों के हौसले इस कदर बुलंद हो गए हैं कि अब वे थाना परिसर के बेहद करीब भी चोरी करने से नहीं हिचक रहे। ताजा मामला गंज क्षेत्र स्थित एक ज्वेलरी दुकान का है, जहां दिनदहाड़े दो महिलाएं और एक पुरुष ग्राहक बनकर दुकान में दाखिल हुए और मौके का फायदा उठाकर करीब 95 हजार रुपये के सोने के लॉकेट से भरा बैग चुरा ले गए। घटना को लेकर दुकान संचालक शिवांश सोनी ने कोतवाली थाने में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के अनुसार घटना बुधवार दोपहर की है, जब



शिवांश किसी जरूरी काम से बैंक गए हुए थे और दुकान पर उनका छोटा भाई मौजूद था। इसी दौरान दो महिलाएं और एक पुरुष ग्राहक बनकर दुकान में आए और जेवर देखने के बहाने बातचीत में उलझाते रहे। इसी बीच एक महिला ने मौका देखकर गहनों से भरे बैग पर हाथ साफ कर दिया। बैग में करीब 30 नग सोने के छोटे लॉकेट रखे थे, जिनकी अनुमानित कीमत 95 हजार रुपये बताई जा रही है।

### कुछ महीने पहले भी हुई थी बड़ी वारदात

गौरतलब है कि कुछ माह पहले शहर के मुख्य गांधी चौक पर भी एक बुजुर्ग महिला के साथ इसी तरह की वारदात हुई थी। मंदिर से पूजा कर लौट रही महिला को बाइक सवार आरोपियों ने कथित रूप से सम्मोहित (हिप्नोटाइज) कर उससे कीमती जेवर ठग लिए थे। वह पूरी वारदात भी सीसीटीवी में कैद हुई थी, लेकिन अभी तक उस मामले में भी कोई गिरफ्तारी नहीं हो सकी है।

### सीसीटीवी फुटेज में कैद हुई वारदात

जब आरोपी दुकान से निकल गए और कुछ देर बाद दूसरे ग्राहक को लॉकेट दिखाने के लिए जब कर्मचारी ने बैग ढूंढा, तो वह गायब मिला। शक होने पर तत्काल सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए, जिसमें तीनों आरोपी साफ नजर आए। इसके बाद पीड़ित ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर तीन अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है और उनकी तलाश शुरू कर दी है।

# नशीली कफ सिरप के सरगना बुच्ची ने तस्करी से बनाई करोड़ों की संपत्ति

## 13 संपत्तियां जब्त, रीवा और कटनी में फैला था नेटवर्क, सफेमा ने 2.02 करोड़ की संपत्ति फ्रीज

**रीवा।** प्रदेश में नशीली कफ सिरप की तस्करी के बड़े गिरोह का पर्दाफाश करते हुए रीवा पुलिस ने एक बार फिर अपराध और संपत्ति के काले गठजोड़ पर करारा प्रहार किया है। रीवा के करहिया नंबर 1 निवासी विजय साहू उर्फ बुच्ची, जो लंबे समय से नशीली दवाओं की अवैध तस्करी में सक्रिय था, जिसकी करीब 2 करोड़ 2 लाख रुपये की संपत्ति को सफेमा द्वारा फ्रीज कर दिया गया है। गौरतलब है कि चोरहटा थाना पुलिस हाल में नशीली कफ सिरप के सरगना विजय साहू उर्फ बुच्ची को भोपाल से गिरफ्तार किया था, उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत 17 अलग-अलग मुकदमे दर्ज हैं। गिरफ्तारी के बाद चोरहटा पुलिस ने उसकी चल-अचल संपत्तियों का ब्यौरा मुंबई स्थित सक्षम प्राधिकरण को भेजा था। जांच के बाद 13 संपत्तियों को अवैध घोषित करते हुए फ्रीज करने की कार्रवाई की गई। बता दे बुच्ची ने कफ सिरप की अवैध



तस्करी से अर्जित धन का इस्तेमाल कर रीवा और कटनी में जमीन, प्लाट और आवासीय मकान खरीदे थे। खास बात यह है कि इन संपत्तियों को उसने अपने नाम के बजाय पत्नी, साले और अन्य परिजनों के नाम से रजिस्ट्री करवाया था ताकि जांच एजेंसियों की निगाहों से बचा जा सके।बॉक्स अब न कर सकेगा सौदा संपत्तियों को फ्रीज किए जाने का मतलब है कि अब आरोपी ना तो इन संपत्तियों को बेच सकेगा और ना ही किसी को किराए या लीज पर दे सकेगा। पुलिस और सफेमा की संयुक्त कार्रवाई के चलते अब बुच्ची की अवैध कमाई पर पूरी तरह रोक लग गई है।बॉक्स प्रदेशभर में फैला था तस्करी का नेटवर्कजानकारी के अनुसार, विजय उर्फ बुच्ची का नेटवर्क सिर्फ रीवा या कटनी तक सीमित नहीं था, बल्कि उसका संपर्क प्रदेश के कई जिलों तक फैला हुआ था। वह लंबे समय से पुलिस की निगरानी में था, और आखिरकार उसे भोपाल से दबोच लिया गया।

**इनका कहना है:** नशीली सिरप के आरोपी बुच्ची साहू पर सफेमा की कार्रवाई की गई है। राजस्व, आयकर, जीएसटी सहित अन्य विभागों की मदद से उसकी 13 सपत्तियां ट्रेस की गई हैं जो अलग-अलग लोगों के नाम पर है।

**रितु उपाध्याय**
नगर सीएसपी रीवा

## बड़े बकाएदारः बिल न जमा करना पड़ा भारी, गए जेल

**सतना।** उचेहरा क्षेत्र के बिहटा विद्युत वितरण केंद्र में बड़े बकाएदारों पर कार्रवाई करते हुए दो लोगों को जेल भेज दिया गया है। ये दोनों भगवेंद्र सिंह और विमलेश सिंह हैं,जिन्होंने लंबे समय से अपना बिजली बिल जमा नहीं किया था। भगवेंद्र सिंह,निवासी कुंदहरी खुर्द,पर 32,859 रुपए का बकाया था। वहीं,बिहटा निवासी विमलेश सिंह पर 65,243 रुपए बकाया थे। विभाग ने इन दोनों को कई बार नोटिस भेजे,लेकिन बिल जमा न करने के कारण 2 अगस्त को पुलिस थाना उचेहरा द्वारा जारी वारंट के तहत इन्हें जेल भेज दिया गया।

# सावन बना सुपर मानसून, 53 साल का रिकॉर्ड खतरे में, 48% ज्यादा बारिश

**रीवा।** इस बार मानसून ने विंध्य के दरवाजे पूरे जोश के साथ खटखटाए हैं। जुलाई महीने में रीवा जिले ने बारिश के सारे पुराने रिकॉर्ड तो नहीं, पर हिला जरूर दिए हैं। अब नजरें अगस्त पर टिकी हैं, क्योंकि अगर बादलों ने यही रफ्तार बरकरार रखी, तो 53 साल पुराना रिकॉर्ड टूट सकता है। वर्ष 1972 में अगस्त के महीने में जिले में 27.5 इंच (करीब 698.5 मिमी) बारिश हुई थी, जो आज तक की सर्वाधिक अगस्त वर्षा मानी जाती है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार, इस बार का मानसून उसी दिशा में बढ़ता दिख रहा है। मौसम विभाग के आंकड़ों के मुताबिक, जुलाई में जिले में औसतन 483.6 मिमी



बारिश दर्ज की गई है, जबकि इस माह की सामान्य औसत 326.8 मिमी होती है। यानी इस बार सामान्य से लगभग 48 फीसदी अधिक बारिश हुई। सबसे खास बात यह रही कि बारिश पूरे जिले में एकसमान नहीं बल्कि क्षेत्र विशेष पर अधिक केंद्रित रही। गुढ़ तहसील में सबसे ज्यादा 701 मिमी वर्षा दर्ज की गई, जबकि शहर क्षेत्र में 639.3 मिमी बारिश ने जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया। रीवा शहर और आसपास के इलाके भारी बारिश की चपेट में रहे। कई इलाकों में जलभराव की समस्या इतनी विकराल हो गई कि घरों में पानी घुस गया, सड़कों पर आवागमन ठप हो गया। बीहर और विधिया नदियां उफान पर रहीं और त्योंथर में टमस नदी का जलस्तर बढ़ने से निचले इलाकों में अलर्ट जारी करना पड़ा। बॉक्स खेती समय पर शुरू, किसानों के चेहरे खिलेबारिश ने जहां शहरी व्यवस्था की पोल खोल दी, वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में यह वरदान बनकर आई। जुलाई के शुरुआती सप्ताह से ही अच्छी बारिश होने के कारण इस बार बुआई समय पर शुरू हो गई। धान की खेती में तेजी आई है, और मिट्टी में नमी पर्याप्त बनी हुई है, जिससे किसानों को सिंचाई की चिंता कम करनी पड़ी।बॉक्सअगस्त में तेज बारिश के संकेत, विभाग ने जारी की चेतावनी मौसम विभाग की भविष्यवाणी कहती है कि अगस्त माह में भी भारी वर्षा की संभावना बनी हुई है। अगर यह अनुमान सटीक बैठा तो 1972 का रिकॉर्ड टूट सकता है, जब अगस्त में सामान्य 301.2 मिमी से ढाई गुना अधिक बारिश दर्ज की गई थी। पिछले दस वर्षों के आंकड़े बताते हैं कि अगस्त में एक दिन में 4 से 8 इंच तक की बारिश आम हो गई है, जो जलवायु परिवर्तन के असर का संकेत देती है।बॉक्स गुढ़ बना सबसे भीगा इलाका जिले की तहसीलों में सबसे अधिक बारिश गुढ़ में दर्ज की गई, जहां 701 मिमी वर्षा हुई। इसके बाद रीवा नगर 639.3 मिमी के साथ दूसरे स्थान पर रहा। अन्य क्षेत्रों में बारिश सामान्य के आसपास रही, जिसमें सिरमौर (493.2 मिमी), मनगवां (503 मिमी), सेमरिया (500 मिमी), रायपुर कर्चुलियान (463.1 मिमी), त्योंथर(294 मिमी) और जवा (275 मिमी) शामिल हैं।बॉक्स अगस्त में सबसे ज्यादा बारिश 2019 मेंमौसम विभाग के अनुसार पिछले दस वर्षों में अगस्त माह में एक दिन की सर्वाधिक बारिश का जे रिकॉर्ड है, उसके अनुसार वर्ष 2015 में 16 अगस्त को बाई इंच, 19 अगस्त 2016 को 6 इंच, 24 अगस्त 2017 को ढाई इंच, 24 अगस्त 2018 को 3 इंच, 14 अगस्त 2019 को 8 इंच, 13 अगस्त 2020 को डेड इंच, । अगस्त 2021 को सढ़े 5 इंच, 20 अगस्त 2022 को 3 इंच, 3 अगस्त 2023 को 4 इंच और वर्ष 2024 में 4 अगस्त को सवा 5 इंच बारिश दर्ज हुई थी।


## भ्रष्टाचार पर घी और बादाम का तड़का, एक माह बाद भी मामला ठण्डा

# जिला प्रशासन के घी-भरे होंठ और बादाम से चिपके दांत

### ड्रायफ्रूट कांड में प्रशासन की मौन साधना

**शहडोल।** 'जल गंगा संवर्धन अभियान' के बहाने अधिकारियों को ड्रायफ्रूट खिला-खिलाकर पंचायतें खुद कंगाल हो रही हैं, लेकिन प्रशासन है कि मुंह में घी-शक्कर डाले बैठा है। ड्रायफ्रूट फर्जी बिल कांड ने प्रदेश ही नहीं, पूरे देश में सुर्खियां बटोरीं, फिर भी एक महीने बाद तक न जांच शुरू हुई, न दोषियों पर कोई कार्रवाई। अब सवाल ये है 'काजू-बादाम की मलाई में प्रशासन की नीयत कितनी साफ है?' जिले में बीते माहों में जल संरक्षण से ज्यादा काजू-बादाम की चर्चा रही। जल गंगा संवर्धन अभियान के नाम पर शुरू हुआ सरकारी तमाशा ड्रायफ्रूट भोज में बदल गया, पंच परमेश्वर पोर्टल से फर्जी बिलों को गायब करवा देना, मानो जिला प्रशासन के लिए बच्चों का खेल हो। जो मामला पूरे देश में सुर्खियों में रहा, वह अब फाइलों में ठंडा बादाम बनकर पड़ा है। सबसे हास्यप्रद बात यह है कि एक महीने बीत जाने के बाद भी प्रशासन के 'काजू प्रेम' पर कोई एक्शन नहीं लिया गया। जिम्मेदार अधिकारी और बाबूगण शायद यह तय नहीं कर पा रहे हैं कि इस ड्रायफ्रूटीय घोटाले को पचाने के लिए और कितने लीटर घी की जरूरत होगी।





### बिना बजट के बादामी स्वागत!

भदवाही पंचायत में जिला स्तरीय अधिकारियों के स्वागत में काजू-बादाम, किशमिश, घी, दूध, बिस्किट और नमकीन की इतनी वैरायटी परोसी गई कि स्थानीय दुकानदार भी शरमा जाएं। 19,010 रुपये के भोज में अधिकारीगण कुछ यूं व्यस्त रहे, जैसे अमृत पीने का आखिरी मौका हो और ऊपर से 2 किलो घी पर 5,260 रुपये की अतिरिक्त मेहमाननवाजी ये तो शुद्ध रूप से 'सरकारी घी-लीला' थी। जल गंगा अभियान में कोई फंड जारी नहीं किया गया, फिर भी पंचायतों ने मानो स्वागत सेवा कोष खोल लिया हो। शासकीय योजनाओं की ज़मीन पर स्थिति चाहे जो हो, अधिकारियों के लिए पंचायतें अब ड्रायफ्रूट सप्लाई यूनिट बन चुकी हैं।

### प्रशासनिक चुप्पी की मलाईदार राजनीति

अब मजेदार बात ये है कि पंच परमेश्वर पोर्टल से ही ड्रायफ्रूट भोज के अपडेट बिल हटवा दिए गए। ऐसा लगता है जैसे भ्रष्टाचार नहीं, 'स्मार्ट वर्क' किया गया हो। पूछने पर जवाब मिलता है, एआई जनरेटेड बिल थे, मानो कोई मशीन फर्जीवाड़ा कर रही हो और अफसर दूध में धुले बैठे हों। स्थानीय लोग तो कहते हैं कि अधिकारियों के वाहन में ही बादाम-काजू के पैकेट रखवाए गए थे, ताकि ससम्मान परिवार समेत सेवन किया जा सके। पंचायत सचिव की 'ईमानदारी' पर भी सवाल उठ रहे हैं, क्या इतनी मात्रा में सामग्री खुद खाने के लिए खरीदी गई, या फिर 'ससम्मान भेंट' कर दी गई?

### साफ जल नहीं, साफ नीयत चाहिए!

ग्रामों में जल संरचनाओं की सफाई पर काम नगण्य है, परन्तु अफसरों के पेट की सफाई का पूरा इंतजाम किया जा चुका है। शासन की मंशा चाहे जल बचाने की रही हो, लेकिन मैदान में उतरे अफसर पानी की नहीं, दूध और घी की धार में बहते नजर आए। इतनी गंभीर गड़बड़ी अब तक जिम्मेदार विभाग ने जांच दल का नाम बताना जरूरी नहीं समझा। सवाल उठता है कि क्या यह सब कुछ 'ऊपर से आदेश' या 'नीचे से दबाव' में दबा दिया गया है? पत्रकार पूछते रह गए, लेकिन जवाब में घी-भरे होंठ और बादाम से चिपके दांत ही दिखे। अब सवाल यह नहीं कि फर्जी बिल लगे या नहीं, सवाल यह है कि इस मामले में जिला प्रशासन की नीयत कितनी पारदर्शी है? क्या भ्रष्टाचार पर पर्दा डालने के लिए पूरे सिस्टम ने मिलकर 'ड्रायफ्रूटीय चुप्पी' साध ली है? जब तक मामले की निष्पक्ष जांच नहीं होती, तब तक यह सवाल कायम रहेगा क्या जल संरचना से पहले प्रशासन की संरचना की सफाई जरूरी नहीं?

## नईगढ़ी पुलिस ने बलात्कार के आरोपी को किया गिरफ्तार

**मऊगंज**

थाना प्रभारी उप निरीक्षक जगदीश सिंह ठाकुर, कुशल नेतृत्व मे हमराह स्टाफ द्वारा बलात्कार के आरोपी को अतिशीघ्र गिरफ्तार किया जाकर न्यायालय में पेश किया गया, नईगढ़ी थाना पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि... दिनांक 30/07/25 को फरियादी थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट लेख कराई कि जब वह शौच क्रिया के लिए जा रही थी उसी समय आरोपी संजय केवट जो पीडिता का हाथ पकड़कर उसे डरा धमकाकर पीड़िता के साथ जबरन बलात्कार किया और किसी से बताने पर जान से मारने की धमकी दी,पीड़ति कि रिपोर्ट पर थाना नंईगढी में अपराध धारा पंजीबद्ध किया गया, एवं आरोपी की लगातार पता तलाश थाना प्रभारी नईगढी जगदीश सिहं ठाकुर ने हमराह स्टाफ पुलिस टीम द्वारा पीछा कर पकड़ा गया। आरोपी संजय केवट /पिता महादेव केवट उम्र 22 वर्ष निवासी नौवा थाना नंईगढी को मऊगंज से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।



# 'सन ऑफ सरदार 2' में रोहित शेट्टी को देख झूम उठे दर्शक

**मुंबई।** पिछले काफी समय से दर्शकों को अजय देवगन की फिल्म 'सन ऑफ सरदार 2' का इंतजार था। अब आखिरकार 1 अगस्त को यह फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। फिल्म को समीक्षकों के साथ-साथ दर्शकों की तरफ से बढ़िया प्रतिक्रिया मिल रही है, जिससे कयास लगाए जा रहे हैं कि यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन करेगी। 'सन ऑफ सरदार 2' में लोकप्रिय निर्देशक रोहित शेट्टी ने कैमियो किया है, जिसकी पहले किसी को खबर नहीं थी। 'सन ऑफ सरदार 2' में रोहित को देखकर दर्शक खुशी से झूम उठे। फिल्म में उनका कुछ सेकंड का ही कैमियो है। कहा जा रहा है कि इसी के साथ रोहित और अजय ने फिल्म 'गोलमाल' की पांचवीं किस्त का आधिकारिक ऐलान कर दिया है।



लाइफ Style

# जाह्नवी

## 'परम सुंदरी' की नई रिलीज तारीख जारी

एजेंसी ▶▶| मुंबई

जल्द ही कई नई जोड़ियां फिल्मों में नजर आएंगी। इन्हीं में से एक है सिद्धार्थ मल्होत्रा और जाह्नवी कपूर की जोड़ी, जो फिल्म 'परम सुंदरी' में दिखने वाली है। यह पहले बीती 25 जुलाई को रिलीज होने वाली थी।

अजय देवगन की फिल्म 'सन ऑफ सरदार 2' से बचने के लिए फिल्म को रिलीज टाल दी गई। हालांकि, ये नहीं बताया कि फिल्म पर्दे पर कब आएगी और अब इसकी नई रिलीज तारीख का ऐलान भी हो गया है। दिनेश विजान के प्रोडक्शन हाउस मैडॉक फिल्म्स के बैनर तने बनी यह फिल्म अब 29 अगस्त को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।

प्रोडक्शन हाउस की ओर से सोशल मीडिया पर जारी किए गए फिल्म के नए मोशन पोस्टर के साथ-साथ इसकी रिलीज का ऐलान हुआ है। पोस्ट में लिखा है, 'दिनेश विजान आपके लिए लेकर आ रहे हैं साल की सबसे बड़ी प्रेम कहानी 'परम सुंदरी'। यह 29 अगस्त को सिनेमाघरों में आ रही है।' 'परम सुंदरी' का टीजर मई में आया था। इसमें सिद्धार्थ को उत्तर भारत के लड़के परम और जान्हवी को साउथ की लड़की सुंदरी के रूप में दिखाया गया था। टीजर में सोनू निगम की आवाज में गाने की कुछ लाइनें भी सुनने को मिली थीं। इस टीजर को काफी पसंद किया गया था। इसके सामने आने के बाद फैंस फिल्म के लिए उत्साहित हो उठे थे। हालांकि, अभी इसके पर्दे पर आने के लिए थोड़ा और इंतजार करना होगा।

## हॉलीवुड मसाला



# एक हफ्ते में सिमटी कमाई...

**लॉस एंजिल्स।** एक्शन, एडवेंचर से भरपूर हॉलीवुड फिल्म 'द फैंटास्टिक फोर' को भारत में शुरुआती दिनों में अच्छा रिस्पॉन्स मिला था। लेकिन एक हफ्ता पूरा होते ही इस फिल्म की कमाई लाखों में सिमट कर रह गई है। जानिए, आज मार्वल स्टूडियोज की इस सुपरहिट फ्रैंचाइज फिल्म ने कितना कलेक्शन किया है। शुरुआती आंकड़ों के अनुसार फिल्म 'द फैंटास्टिक फोर-फर्स्ट स्टेप' ने 7वें दिन 46 लाख रुपये का कलेक्शन किया है। फिल्म का कुल कलेक्शन अब तक 26.35 करोड़ रुपये हो चुका है।



# छह साल बाद 'ड्यून पार्ट 3' के लिए बदला लुक...

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड स्टार जेसन मोमोआ ने छह साल बाद पहली बार अपनी दाढ़ी बनवाई है। उन्होंने यह सब अपनी आगामी फिल्म 'ड्यून: पार्ट थ्री' के लिए किया है। आगामी सीक्वल की शूटिंग शुरू होते ही जेसन अपने डंकन इडाहो के कैरेक्टर में वापस आ गए हैं। वीडियो में ड्यून के निर्देशक डेनिस को संबोधित करते हुए जेसन ने कहा, 'सिर्फ तुम्हारे लिए डेनिस'। उन्होंने अपनी दाढ़ी पर क्लिपर लगाने के बाद अपनी हॉफ बियर्ड वाले चेहरे पर हाथ रखते हुए कहा कि हे भगवान, मुझे इससे नफरत है। फ्रैंक हर्बर्ट की किताबों में डंकन का किरदार एक क्लोन के रूप में वापस आता है। हालांकि, अभी तक यह स्पष्ट नहीं है कि फिल्म में भी डंकन का किरदार उसी तरह से वापस आएगा या किसी और तरीके से वापसी करेगा।



# हवाई अड्डे पर पैपराजी पर भड़कीं रिया

**मुंबई।** अभिनेत्री रिया चक्रवर्ती का एक वीडियो सामने आया है, जो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। रिया को हाल ही में मुंबई हवाई अड्डे पर देखा गया, जहां पैपराजी ने उन्हें घेर लिया और कुछ तस्वीरें खिंचवाने का आग्रह किया। इसके बाद रिया ने मुस्कुराते हुए तस्वीरें खिंचवाने के लिए पोज दिया। हालांकि, इस दौरान वह अच्छे मूड में नहीं थीं और वह तमाम पैपराजी पर भड़क गईं। रिया वीडियो में पैपराजी को डांटती नजर आ रही हैं। रिया ने पैपराजी से कहा, अब मेरे पीछे मत आओ। मैंने तस्वीरें दे दी हैं, बाय। इसके बाद वह तुरंत वहां से चली गईं। इस वीडियो पर प्रशंसक तरह-तरह की प्रतिक्रिया दे रहे हैं। एक ने लिखा, 'कितना घमंड है।' एक अन्य ने लिखा, 'भाई तुम लोगों का इतना दिन खराब हो गया कि इसे भाव देते हो।'



# द राजा साब की रिलीज एक बार फिर टली

**मुंबई।** अभिनेता प्रभास पिछले काफी समय से फिल्म 'द राजा साब' को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। उनकी यह हॉरर कॉमेडी फिल्म पहले इस साल 10 अप्रैल को रिलीज होने वाली थी, लेकिन बाद में इसे 5 दिसंबर, 2025 के लिए टाल दिया गया। अब खबर आ रही है कि 'द राजा साब' के लिए दर्शकों को थोड़ा और इंतजार करना पड़ सकता है। दरअसल, निर्माताओं ने एक बार फिर फिल्म की रिलीज टाल दी है। 'द राजा साब' को अब अगले साल संक्रांति के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा। इस लिहाज से यह फिल्म 9 जनवरी, 2026 को दर्शकों के बीच आएगी। अगर निर्माताओं ने 'द राजा साब' की रिलीज को टाला तो बॉक्स ऑफिस पर इस फिल्म का सामना रणवीर सिंह की 'धुरंधर' और शाहिद कपूर की 'रोमियो' से नहीं होगा।

## टीवी मसाला




# 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो 3' में पति राघव संग आएंगी परिणीति

**मुंबई।** कॉमेडियन कपिल शर्मा के कॉमेडी शो 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' का तीसरा सीजन पहले दिन से ही दर्शकों का खूब मनोरंजन कर रहा है। इस शो के नए एपिसोड का दर्शक बड़ी ही बेसब्री से इंतजार करते हैं। अब 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो 3' का नया प्रोमो वीडियो सामने आ गया है। शो में नए एपिसोड में अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा अपने पति और आम आदमी पार्टी के सांसद राघव चड्ढा के साथ नजर आने वाली हैं। द ग्रेट इंडियन कपिल शो 3' के नए प्रोमो में परिणीति और राघव शो के होस्ट कपिल के साथ खूब मस्ती और बातचीत करते नजर आ रहे हैं। नेटफ्लिक्स ने प्रोमो साझा करते हुए लिखा, 'हंसी की सेंसेशंस होगी हर बार, क्योंकि राघव चड्ढा और परिणीति चोपड़ा आ रहे हैं इस फनीवार।' 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो 3' के इस एपिसोड को आप 2 अगस्त को रात 8 बजे ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।

## 'क्योंकि सास...' के नए सीजन में पुराने कलाकारों की कमी दर्शकों को खली

एकता कपूर के सबसे लोकप्रिय धारावाहिकों में से एक 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' के दूसरे सीजन का शानदार आगाज हो गया है। इस




शो के अब तक 2 एपिसोड टेलीकास्ट हो गए हैं, जिसे देखकर दर्शकों की पुरानी यादें ताजा हो गईं। करीब 25 साल बाद स्मृति ईरानी एक बार फिर तुलसी बनकर लौटी हैं। हालांकि, इस बार कुछ ऐसे कलाकार शो से गायब हैं, जो पहले सीजन का अहम हिस्सा थे 'क्योंकि सास...' के नए सीजन में सुधा शिवपुरी नहीं दिख रही हैं। पहले सीजन में उन्होंने बा का किरदार निभाया था। इस शो में बा विरानी परिवार की सबसे बुजुर्ग महिला थीं, वह तुलसी का हमेशा साथ देती थीं। पहले सीजन में ही उनकी मौत को दिखाया गया था। शो में तुलसी की सास सविता का किरदार अपरा मेहता ने निभाया था। वह भी नए सीजन का हिस्सा नहीं हैं, क्योंकि पुराने सीजन में उनकी मौत को दिखाया गया था। 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' में तुलसी के बड़े बेटे गौतम का किरदार सुमित सचदेव ने निभाया था, लेकिन वह शो के नए सीजन में नजर नहीं आ रहे हैं।

# विजय की 'किंगडम' ने कमाई में पछाड़ा कुबेर और ठग लाइफ को

**मुंबई।** काफी समय से विजय देवरकोंडा फिल्म 'किंगडम' को लेकर चर्चा में हैं। उनकी यह फिल्म 31 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है, जिसका हिंदी नाम 'साम्राज्य' है। फिल्म को समीक्षकों की तरफ से हरी झंडी मिली, वहीं दर्शक भी विजय के एक्शन की जमकर तारीफ कर रहे हैं। 'सैयारा' के तूफान के बीच 'किंगडम' ने पहले दिन बॉक्स ऑफिस पर काफी अच्छा प्रदर्शन किया है। आइए जानें फिल्म के खाते में पहले दिन कितने करोड़ रुपये आए।

***पहले दिन फिल्म ने छापे इतने नोट*** : बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक, 'किंगडम' ने रिलीज के पहले दिन यानी गुरुवार को 15.50 करोड़ रुपये का कारोबार किया। हालांकि, ये शुरुआती आंकड़े हैं और आधिकारिक आंकड़े सामने आने के बाद उनमें थोड़ा बहुत फेरबदल हो सकता है। वीकेंड पर फिल्म की कमाई में और उछाल देखने को मिल सकता है। 'किंगडम' ने धनुष की 'कुबेर' (14.75 करोड़) और कमल हासन की 'ठग लाइफ' (15.5 करोड़) के पहले दिन की कमाई को पीछे छोड़ दिया है।



***'किंगडम' में नजर आ रहे ये कलाकार***

*'किंगडम' में विजय एक गुप्त मिशन पर निकले भारतीय जासूस 'सूरी' का किरदार निभा रहे हैं। फिल्म में उनका दमदार एक्शन देखने लायक है। 'किंगडम' के निर्देशन की कमान गौतम तिन्नानुरी ने संभाली है, जिन्हें शाहिद कपूर और मृणाल ठाकुर की फिल्म 'जर्सी' (2022) के लिए जाना जाता है। फिल्म की कहानी भी गौतम ने ही लिखी है। इस स्पाई थ्रिलर फिल्म में सत्यदेव और भाग्यश्री बोरसे जैसे कलाकार भी नजर आ रहे हैं।*

# अजय देवगन की फिल्मों ने की जमकर कमाई, कई तो बुरी तरह पिटीं

**मुंबई।** अभिनेता अजय देवगन साल 2012 में आई अपनी फिल्म 'सन ऑफ सरदार' का सीक्वल लेकर दर्शकों के बीच हाजिर हो गए हैं। विजय कुमार अरोड़ा के निर्देशन में बनी यह फिल्म 1 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। इस कॉमेडी फिल्म को समीक्षकों के साथ-साथ दर्शकों की तरफ से मिली-जुली प्रतिक्रिया मिल रही है। आइए हम आपको अजय की सिनेमाघरों में आईं पिछली 5 फिल्मों और बॉक्स ऑफिस पर उनके प्रदर्शन के बारे में बताते हैं।

**'औरों में कहां दम था'**: शुरुआत करते हैं फिल्म 'औरों में कहां दम था' से, जिसका निर्देशन नीरज पांडे ने किया था। इसमें अजय की जोड़ी तब्बू के साथ बनी थी। जिमी शेरगिल और सई मांजरेकर ने भी इस फिल्म में अभिनय किया था। हालांकि, यह फिल्म दर्शकों की उम्मीदों पर खरी नहीं उतर पाई। 'औरों में कहां दम था' ने दुनियाभर में केवल 15.75 करोड़ रुपये कमाए थे, जबकि फिल्म का बजट 100 करोड़ रुपये था। यह फिल्म अमेजन प्राइम वीडियो पर उपलब्ध है।

**'सिंघम अगेन'** : इस फेहरिस्त में दूसरा नाम फिल्म 'सिंघम अगेन' है। इसमें अजय के




अलावा अक्षय कुमार, रणवीर सिंह, टाइगर श्रॉफ, करीना कपूर, दीपिका पादुकोण, अर्जुन कपूर और जैकी श्रॉफ भी नजर आए थे। लंबी-चौड़ी स्टार कास्ट वाली इस फिल्म से काफी उम्मीदें थीं। हालांकि, यह बॉक्स ऑफिस पर औसत प्रदर्शन कर पाई। 350 करोड़ रुपये की लागत में बनी 'सिंघम अगेन' ने दुनियाभर में 372.4 करोड़ रुपये का कारोबार किया था। यह फिल्म अमेजन प्राइम वीडियो पर मौजूद है।

**'नाम'** : पिछले साल के अंत में अजय फिल्म 'नाम' लेकर आए थे। यह फिल्म अपने बनने के 10 साल बाद हुई थी। दरअसल, फिल्म की शूटिंग 2014 में पूरी हो गई थी, लेकिन निर्माता की मौत के चलते फिल्म 10 साल बाद रिलीज हुई। हालांकि, यह फिल्म कब आई और कब चली गई, किसी को पता भी नहीं चला। 'नाम' ने टिकट खिड़की पर सिर्फ 72 लाख रुपये कमाए थे। यह फिल्म अब तक किसी ओटीटी प्लेटफॉर्म पर नहीं आई है।

**'आजाद'**: अजय की फिल्म 'आजाद' को 17 जनवरी, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज किया गया था। खास बात यह है कि इस फिल्म से अजय के भांजे अमन देवगन और रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी ने बॉलीवुड मे कदम रखा था। अभिषेक कपूर के निर्देशन में बनी यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर मुंह के बल गिरी। 80 करोड़ की लागत में बनी इस फिल्म ने दुनियाभर में केवल 8 करोड़ रुपये कमाए थे। 'आजाद' ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर उपलब्ध है।

**'रेड 2'**: पिछली बार अजय फिल्म 'रेड 2' में नजर आए थे, जो 1 मई, 2025 को रिलीज हुई। इस फिल्म का दर्शकों ने जमकर मनोरंजन किया। इसमें वाणी कपूर और रितेश देशमुख ने भी अहम भूमिका निभाई थी।

## इमोशनल और इंटेंस सीन गहराई से छू रहे हैं दर्शकों को

# 'धड़क 2': तृप्ति डिमरी और सिद्धांत चतुर्वेदी की जोड़ी ने मचाया धमाल

**मुंबई।** तृप्ति डिमरी और सिद्धांत चतुर्वेदी की फिल्म 'धड़क 2' का दर्शक बड़ी ही बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। यह रोमांटिक ड्रामा फिल्म 1 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। इस फिल्म को समीक्षकों की तरफ से हरी झंडी मिली, वहीं दर्शक भी इस फिल्म की कहानी और तृप्ति-सिद्धांत की अदाकारी की तारीफ कर रहे हैं।

### लोगों को पसंद आई तृप्ति-सिद्धांत की जोड़ी

'धड़क 2' महज एक प्रेम कहानी नहीं है, बल्कि यह पहचान, आत्म-सम्मान, सामाजिक संघर्ष और प्यार की कीमत जैसे गहरे और संवेदनशील विषयों को भी छूती है। तृप्ति और सिद्धांत की जोड़ी को दर्शकों से जबरदस्त सराहना मिल रही है। दोनों के बीच की केमिस्ट्री लोगों का दिल जीत रही है। इस रोमांटिक ड्रामा में तृप्ति ने विधि और सिद्धांत ने नीलेश की भूमिका निभाई है। फिल्म में उनके इमोशनल और इंटेंस सीन दर्शकों को गहराई से छू रहे हैं।

### हकीकत दिखाती है यह फिल्म

'धड़क 2' की कहानी दर्शकों को खूब पसंद आ रही है। एक यूजर ने लिखा, 'कुछ कहानियां दिल को छूती हैं और कुछ दिमाग को, मगर 'धड़क 2' दोनों को छूती है। जातिवाद का मुद्दा शहरों में भी देखने को मिलता है। यह फिल्म ईमानदारी से यह हकीकत बताती है।' एक यूजर फिल्म को 4 स्टार देते हुए लिखते हैं, 'तृप्ति डिमरी और सिद्धांत चतुर्वेदी की जोड़ी बेहद शानदार है। यह बेहतरीन फिल्म है। जरूर देखें।'



### इस फिल्म की जान हैं तृप्ति

एक यूजर ने लिखा, 'सामाजिक मुद्दों पर बनी एक फिल्म में 2 खूबियां होनी चाहिए यानी कहानी कहने में साहस और अभिनय में ईमानदारी। धड़क 2 में ये दोनों खूबियां कूट-कूट कर भरी हैं। सब कुछ जमता है। अभिनय, संवाद, भावनात्मक गहराई, प्रतिशोध के प्रति गुस्सा और संदेश।' दूसरे लिखते हैं, 'तृप्ति फिल्म में सिर्फ अभिनय ही नहीं कर रही हैं, बल्कि वे विधि का भी रूप धारण कर रही हैं। यह उनका अब तक का सबसे बेहतरीन काम है।'

### 'धड़क 2' के बारे में जानिए

इस फिल्म के निर्देशन की कमान शाजिया इकबाल ने संभाली है, वहीं करण जौहर इस फिल्म के निर्माता हैं। राहुल बडवेलकर ने इस फिल्म की कहानी शाजिया के साथ मिलकर लिखी है। सिद्धांत और तृप्ति के अलावा इस फिल्म में आशीष चौधरी, विपिन शर्मा, मंजिरी पुपला, दीक्षा जोशी, अशवंत लोधी, अमित जाट, प्रियांक तिवारी, मयंक खन्ना और आदित्य ठाकरे जैसे कलाकार भी नजर आ रहे हैं। बता दें कि 'धड़क 2' साल 2018 में आई फिल्म 'धड़क' का सीक्वल है।